XA-HNA-(Comp.)-A (Core)
Arts

(12)-50002

No. of Questions - 14 ] [ No. of Printed Pages - 8

# 2020

# HINDI ( CORE ) – A

## ( Compulsory )

**Full Marks - 100**

**Pass Marks - 33**

**Time - 3 Hours**

*Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

**परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।**

*Figures in the margin indicate full marks.*

**उपांत के अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।**

Answer from *all* groups as directed.

**सभी** खण्डों के निर्देशानुसार उत्तर दें ।

### खण्ड - क

1. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें : 1 × 5 = 5

जो बीत गई सो बात गई,
जीवन में एक सितारा था, माना वह बेहद प्यारा था,
वह डूब गया तो डूब गया, अंबर के आनन को देखो,
कितने इसके तारे टूटे, कितने इसके प्यारे छूटे,
जो छूट गये, फिर कहाँ मिले, पर बोलो टूटे तारों पर
कब अंबर शोक मनाता है ?

(क) अम्बर टूटे तारों पर क्यों नहीं शोक मनाता है ?



https://www.jharkhandboard.com

(ख) कवि किन घटनाओं का उदाहरण देकर बीती बातों पर शोक न मनाने का संदेश दे रहा है ?

(ग) अंबर को क्या-क्या सहन करना पड़ता है ?

(घ) इन पंक्तियों द्वारा कवि ने क्या संदेश दिया है ?

(ङ) उपर्युक्तं पद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखें : $3 \times 5 = 15$

कुछ लोग भाग्यवादी होते हैं और सब कुछ भाग्य के सहारे छोड़कर कर्म से विरत हो जाते हैं । ऐसे लोग समाज के लिए बोझ हैं । वे कभी कोई बड़ा काम नहीं कर पाते । बड़ी-बड़ी खोज, बड़े-बड़े आविष्कार और बड़े-बड़े निर्माण-कार्य कर्मशील लोगों के द्वारा ही संभव हो सकते हैं । हम अपनी बुद्धि और प्रतिभा तथा कार्य-क्षमता के बल पर सही मार्ग पर चल सकते हैं, किंतु बिना कठिन परिश्रम के अपने लक्ष्य तक नहीं पहुँच सकते । कठिन परिश्रम के पश्चात प्राप्त सफलता हमारे मन को अलौकिक आनन्द से भर देती है ।

(क) बड़े-बड़े कार्य के लिए सर्वाधिक क्या आवश्यक है ?

(ख) परिश्रम करने और न करने से हमारे जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

(ग) किस प्रकार के लोग समाज के लिए बोझ हैं ?

(घ) जीवन में बड़ी उपलब्धि कैसे संभव हो सकती है ?

(ङ) इस गद्यांश का शीर्षक बताइए ।



https://www.jharkhandboard.com

## खण्ड - ख

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखें : 10 × 1 = 10

(क) मेरा प्रिय त्योहार

(ख) मित्रता का महत्व

(ग) तकनीकी शिक्षा

(घ) विनाश काले विपरीत बुद्धि ।

4. कमरतोड़ महँगाई के प्रति चिंता प्रकट करते हुए दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए । 5

5. वर्तमान शिक्षा प्रणाली की विसंगतियों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए एक संपादकीय लिखिए । 5

**अथवा**

सफल साक्षात्कार के लिए क्या जरूरी है ?

6. 'नगर में बदहाल सफाई व्यवस्था' पर एक फीचर प्रस्तुत करें । 5

**अथवा**

'आधुनिक युग की तनावपूर्ण जीवन-शैली' पर एक फीचर लिखें ।



https://www.jharkhandboard.com

## खण्ड - ग

निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 + 2 + 2 + 2 = 8

मैं जग-जीवन का भार लिए फिरता हूँ;

फिर भी जीवन में प्यार लिए फिरता हूँ;

कर दिया किसी ने झंकृत जिनको छूकर

मैं साँसों के दो तार लिए फिरता हूँ ।

(क) कवि और कविता का नाम लिखिए ।

(ख) जग-जीवन के भार से कवि का क्या आशय है ?

(ग) कवि की साँस किसके समान है ? उसकी मनोदशा पर टिप्पणी कीजिए ।

(घ) कवि क्या चाहता है ? वह किसलिए अधीर है ?

**अथवा**

कविता एक खिलना है फूलों के बहाने, कविता का खिलना भला फूल क्या जाने ।

बाहर भीतर, इस घर, उस घर, बिना मुरझाए महकने के माने,

फूल क्या जाने ?

कविता एक खेल है बच्चों के बहाने, बाहर-भीतर, यह घर, वह घर,

सब घर, एक कर देने के माने, बच्चा ही जाने ।

(क) कवि तथा कविता का नाम लिखिए ।

(ख) कविता रचना और फूल के खिलने में क्या समानता है ?

(ग) 'बिना मुरझाए महकना', 'सब घर एक कर देने' का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(घ) कवि ने कविता और बच्चों को एक समान क्यों बतलाया है ? स्पष्ट करें ।



https://www.jharkhandboard.com

8. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3 + 3 = 6

मैं जला हृदय में अग्नि दहा करता हूँ, सुख-दुख दोनों में मग्न रहा करता हूँ,

जग भव-सागर तरने को नाव बनाए, मैं भव-मौजों पर मस्त बहा करता हूँ ।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए ।

(ख) पद्यांश का शिल्प-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए ।

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए : 3 + 3 = 6

(क) 'हम समर्थ शक्तिवान और हम एक दुर्बल को लाएँगे' पंक्ति के माध्यम से कवि ने क्या व्यंग्य किया है ?

(ख) छत से गिरने के बाद बालक निर्भीक क्यों हो जाते हैं

(ग) कुंभकर्ण ने रावण को 'सठ' क्यों कहा है ?

10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 + 2 + 2 + 2 = 8

इन बातों को आज पचास से ज्यादा बरस होने को आए पर ज्यों की त्यों मन पर दर्ज है । कभी-कभी कैसे-कैसे संदर्भों में ये बातें मन को कचोट जाती हैं, हम आज देश के लिए करते क्या हैं ? माँगें हर क्षेत्र में बड़ी-बड़ी हैं पर त्याग का कहीं नाम-निशान नहीं है । अपना स्वार्थ आज एकमात्र लक्ष्य रह गया है, हम चटखारे लेकर इसके या उसके भ्रष्टाचार की बातें करते हैं, पर क्या कभी हमने जाँचा है कि अपने स्तर पर अपने दायरे में हम उसी भ्रष्टाचार के अंग तो नहीं बन रहे हैं ? काले मेघा दल के दल उमड़ते हैं, पानी झमाझम बरसता है, पर गगरी फूटी की फूटी रह जाती है, बैल पियासे के पियासे रह जाते हैं ? आखिर कब बदलेगी यह स्थिति ?

(क) कौन-सी बातें लेखक के मन को कचोटती हैं ?



https://www.jharkhandboard.com

(ख) भ्रष्टाचार के लिए कौन जिम्मेदार है ?

(ग) 'पर गगरी फूटी की फूटी रह जाती है' का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(घ) पाठ तथा लेखक का नाम लिखिए ।

**अथवा**

उस सिख बीबी को देखकर सफिया हैरान रह गई थी, किस कदर वह उसकी माँ से मिलती थी । वह भारी भरकम जिस्म, छोटी-छोटी चमकदार आँखें, जिनमें नेकी, मुहब्बत और रहमदिली की रोशनी जगमगाया करती थी । चेहरा जैसे कोई खुली हुई किताब । वैसा ही सफेद बारीक मलमल का दुपट्टा जैसा उसकी अम्मा मुर्हरम में ओढ़ा करती थी । जब सफिया ने कई बार उनकी तरफ मुहब्बत से देखा तो उन्होंने भी उसके बारे में घर की बहू से पूछा । उन्हें बताया गाया कि ये मुसलमान हैं । कल ही सुबह लाहौर जा रही हैं, अपने भाइयों से मिलने, जिन्हें उन्होंने कई साल से नहीं देखा । लाहौर का नाम सुनकर वे उठकर सफिया के पास आ बैठीं और उसे बताने लगीं कि उनका लाहौर कितना प्यारा शहर है । वहाँ के लोग कैसे खूबसूरत होते हैं । उम्दा खाने और नफीस कपड़ों के शौकिन, सैर-सपाटे के रसिया, जिंदादिली की तस्वीर ।

(क) पाठ तथा लेखिका का नाम लिखिए ।

(ख) सिख बीबी को देखकर सफिया क्यों हैरान हुई ?

(ग) सफिया के बारे में घर की बहू ने क्या बताया ?

(घ) सिख बीबी ने लाहौर के संबंध में क्या कहा ?



https://www.jharkhandboard.com

11. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3 + 3 + 3 + 3 = 12

(क) भक्तिन के आ जाने से महादेवी अधिक देहाती कैसे हो गयी ?

(ख) 'पानी दे गुड़धानी दे' – मेघों से पानी के साथ-साथ गुड़धानी की माँग क्यों की जा रही है?

(ग) गाँव में महामारी फैलने और अपने बेटों के देहांत के बावजूद लुट्टन पहलवान ढोल क्यों बजाता रहा ?

(घ) जाति-प्रथा को श्रम विभाजन का ही एक रूप न मानने के पीछे अंबेदकर के क्या तर्क हैं ?

(ङ) बाज़ार का जादू चढ़ने और उतरने पर मनुष्य पर क्या-क्या असर पड़ता है ?

12. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **3 + 3 = 6**

(क) यशोधर बाबू परिवार के बावजूद स्वयं को अधूरा क्यों मानते हैं ?

(ख) खेतों में आनंदा क्या काम करता था ?

(ग) ऐन ने डायरी क्यों लिखी ?

13. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 + 2 = 4

(क) बुआ को पैसे भेजने से भूषण इनकार क्यों कर देता है ?

(ख) डेढ़ साल से घर बैठने के बाद लेखक पाठशाला कैसे पहुँचा ?

(ग) हिटलर और सैनिकों की बातचीत का मुख्य विषय क्या होता था ?



https://www.jharkhandboard.com

14. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए : 5 × 1 = 5

(क) यशोधर बाबू की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालें ।

(ख) मोहनजोदड़ो की गृह निर्माण योजना पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

https://www.jharkhandboard.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से



https://www.jharkhandboard.com